Bareilly, Monday,
6 December 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO :02 BOTTOM

'मालकिन ए सराय' ने जमकर गुदगुदाया

PICS: DAINIK JAGRAN INEXT

● कलाकारों ने किया रोचक मंचन.

एसआरएमएस रिद्धिमा में हुआ नाटक का मंचन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (5 Dec): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे को मालकिन ए सराय मेहरूनिसा पर आधारित नाटक का मंचन हुआ. इसमें सराय की मालकिन मेहरूनिसा सराय को चलाने के लिए मुसाफिरों को अपने इश्क में उलझाए रखती है. हास्य से भरे इस नाटक ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया.

दर्शकों को गुदगुदाया

रिद्धिमा सभागार में रणवीर सिंह द्वारा लिखित नाटक लखनऊ के एक सराय नामतखाना की मालकिन मेहरूनिसा के इर्दगिर्द घूमता है. मेहरूनिसा अपनी सराय को चलाने के लिए लोगों को अपनी खूबसूरती के जाल में फंसाए रहती है. मेहरूनिसा के सराय का नौकर फैजू वहां ठहरे मुसाफिरों को ठगता रहता है. उसके सराय में ठहरे दो मुसाफिर नवाब और अमीर उल मुल्क मेहरूनिसा के इश्क में गिरफ्तार हो जाते हैं. दूसरी तरफ मुसाफिर खां साहब हैं जो औरतों से बेहद नफरत करते हैं. मेहरूनिसा का जादू उन पर नहीं चल पाता है. इस बीच सराय में दो अदाकारायें आती हैं और ठहरे हुए लोगों को लूटने लगती हैं. एक दिन खां साहब उसको सबके सामने खूब बेइज्जत करते हैं. तब मेहरूनिसा ठान लेती है कि खां साहब को अपनी मोहब्बत में घुटने टिकवाकर सबक सिखाएगी. सभागार में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा मौजूद रहे.